हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 25 जुलाई 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज


तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री


2 अमरुद का पौधा लगाकर फलोद्यान की तैयारी




## खबर संक्षेप

### जन्म प्रमाण पत्र बनाने पर रूपए की मांग, पंचायत सचिव निलंबित

**बलरामपुर।** जन्म प्रमाण पत्र बनाने के नाम पर रूपए मांगने के मामले में प्रशासन ने कार्रवाई की है। कलेक्टर के निर्देश पर जांच टीम ने रूपए मांगने की पुष्टि होने पर पंचायत सचिव को निलंबित कर दिया है। बता दें कि जनपद पंचायत बलरामपुर के ग्राम पंचायत भेलवाडीह के पंचायत सचिव विष्णुपद मण्डल को ऑनलाइन जन्म प्रमाण-पत्र बनाने के नाम पर राशि मांगने के मामले में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। उनके विरुद्ध विभागीय जांच भी संस्थित की गई है। यह कार्रवाई सोशल मीडिया में एक ऑडियो प्रसारित होने के बाद की गई जिसमें ऑनलाइन जन्म प्रमाण-पत्र बनाए जाने के लिए 200 रूपए की मांग किए जाने का आरोप लगाया गया था। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जनपद पंचायत स्तर पर दो सदस्यीय जांच दल गठित कर मामले की जांच कराई गई। जांच प्रतिवेदन में शिकायत प्रथम दृष्टया सही पाई गई। जांच में पाया गया कि पंचायत सचिव का कृत्य छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा (आचरण) नियम, 1998 के नियम 3(1)(2)(3) का उल्लंघन करते हुए कदाचार की श्रेणी में आता है। इसके बाद संबंधित पंचायत सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। पंचायत सचिव द्वारा 17 जुलाई 2026 को अपना जवाब प्रस्तुत किया गया, लेकिन सक्षम प्राधिकारी द्वारा उसका परीक्षण करने पर जवाब असंतोषजनक पाया गया। जिसके आधार पर जिला पंचायत सीईओ के द्वारा छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा (अनुशासन तथा अपील) नियम, 1999 के नियम-4 के तहत विष्णुपद मण्डल, पंचायत सचिव, ग्राम पंचायत भेलवाडीह (अतिरिक्त प्रभार ग्राम पंचायत बरदर) को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है

### हड़तालरत अतिथि शिक्षकों को 27 तक कार्य पर लौटने के निर्देश

**अम्बिकापुर।** शासकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों की पढ़ाई निर्बाध रूप से संचालित हो तथा शैक्षणिक व्यवस्था प्रभावित न हो, इसे दृष्टिगत रखते हुए जिला शिक्षा अधिकारी डॉ दिनेश झा द्वारा जिले के समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारियों एवं शासकीय हाईस्कूल तथा उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के प्राचार्यों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। जारी निर्देशों के अनुसार वर्तमान में जिले के अनेक शासकीय विद्यालयों में कार्यरत अतिथि शिक्षक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं, जिसके कारण विद्यालयों में अध्ययन-अध्यापन व्यवस्था प्रभावित हो रही है। विद्यार्थियों के शैक्षणिक हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए शासन के निर्देशानुसार सभी हड़तालरत अतिथि शिक्षकों को 27 जुलाई 2026 तक अपने-अपने कार्यस्थल पर वापस लौटने के लिए विद्यालय प्रबंधन समिति के माध्यम से निर्देशित करने को कहा गया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि यदि निर्धारित तिथि तक संबंधित अतिथि शिक्षक कार्य पर वापस उपस्थित नहीं होते हैं, तो शासन द्वारा जारी निर्देशों एवं प्रचलित प्रावधानों के अनुरूप उनकी अतिथि शिक्षक के रूप में की गई व्यवस्था तत्काल प्रभाव से समाप्त करते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही संबंधित कार्रवाई की जानकारी जिला शिक्षा कार्यालय को तत्काल उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए गए हैं। जारी आदेश में यह भी कहा गया है कि विद्यालयों में विद्यार्थियों की नियमित पढ़ाई किसी भी स्थिति में प्रभावित नहीं होनी चाहिए।

### मुख्यमंत्री अजा एवं अजजा विद्यार्थी उत्कर्ष योजना की काउंसलिंग स्थगित

**अम्बिकापुर।** आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जनजाति विकास विभाग द्वारा जारी पत्रानुसार मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना (पूर्व में जवाहर उत्कर्ष योजना) शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु 14 जुलाई को जिला स्तर पर काउंसलिंग की कार्यवाही निरस्त किया गया है। काउंसलिंग हेतु चयनित विद्यार्थी/पालकों को सूचित किया गया है कि शासन से दिशा निर्देश प्राप्त होते ही काउंसलिंग की सूचना पृथक से दी जाएगी।

## फूलों से सुसज्जित रथ खींचने मची होड़, जगह जगह की गई पूजा अर्चना

# नौ दिन मौसी के घर आराम कर वापस घर लौटे महाप्रभु जगन्नाथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नौ दिनों तक मौसी के घर स्वास्थ्य लाभ लेने के उपरांत महाप्रभु भगवान जगन्नाथ अपने भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा के साथ शुक्रवार को स्वस्थ व प्रसन्न होकर अपने घर लौट आए। भगवान के घर लौटने पर समाज द्वारा उनकी रथ यात्रा निकाली गई जो काली बाड़ी स्थित मौसी के घर से प्रारंभ होकर जगन्नाथ मंदिर पहुंची। फूलों से सुसज्जित रथ को खींचने श्रद्धालुओं में होड़ मची रही। इस दौरान जगह जगह रथ यात्रा का स्वागत करते हुए महाप्रभु की आरती व पूजा अर्चना कर लोगों ने अपने व अपने परिवार के सदस्यों के सुख समृद्धि की कामना की।

**खास बात**

- श्रद्धालुओं ने शंख बजाकर किया रथ यात्रा का स्वागत एवं आरती

मान्यता है कि जेठ पूर्णिमा के दिन भगवान जगन्नाथ विशेष स्नान करते है। इस स्नान के बाद वे बीमार हो जाते है और एकांतवास में चले जाते है। भगवान के एकांत वास में जाने के बाद मंदिर के कपाट बंद कर दिए गए थे और भगवान के रथ को भी मंदिर से बाहर निकाल दिया गया था। स्वस्थ होने के बाद भगवान जगन्नाथ गुडिचा यात्रा पर अपने भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा के साथ मौसी के घर गए थे। महाप्रभु जगन्नाथ, भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा की रथ यात्रा 16 जुलाई को निकाली गई थी। इस दौरान 9 दिनों तक भगवान अपने भाई बहन के साथ कालीबाड़ी स्थित मौसी के घर रहे और मौसी के घर आवभगत, दर्शन के साथ हर रोज आरती के बाद भंडारा प्रसाद की वितरण भी किया जा रहा था। कालीबाड़ी स्थित मौसी के घर भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा की नियमित रूप से पूजा अर्चना की गई और शुक्रवार को भगवान धूमधाम से अपने घर लौटे। उत्कल समाज व श्री जगन्नाथ मंदिर सेवा समिति द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना उपरान्त दुर्गा बाड़ी स्थित मौसी के घर से भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा निकाली गई जो कालीबाड़ी से घड़ी चौक, गांधी चौक, आकाशवाणी चौक से प्रतापपुर चौक होते हुए केदारपुर सहेली गली स्थित भगवान जगन्नाथ के मंदिर पहुंची। ढोल, मंजीरे, डफली, झाल के साथ भजन कीर्तन करते श्रद्धालुओं का सैलाब भक्ति भाव में विभोर हो रथ के साथ-साथ चलता रहा। भगवान की रथ यात्रा का जगह-जगह लोगों ने स्वागत कर उनकी आरती की। इस दौरान भक्तों में रथ खींचने को होड़ मची रही। नौ दिनों मौसी के घर रहने व वापस घर लौटने भगवान जगन्नाथ चार महीने के लिए शयन में चले जाएंगे। भगवान के शयन में जाने के बाद विवाह सहित सभी शुभ कार्य बंद हो जाते है। शयन उपरान्त कार्तिक शुक्ल पक्ष की एकादशी को भगवान निद्रा से जागेंगे जिसे देव उठनी एकादशी के रूप में मनाया जाता है।



रथ खींचते श्रद्धालु।

### जगह-जगह हुआ स्वागत

भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा का लोगों ने जगह-जगह स्वागत किया। नगर के उड़िया पंडित काम्पलेक्स के समक्ष पंडित सत्य नारायण मिश्रा (उड़िया महाराज) के नेतृत्व में भगवान जगन्नाथ का स्वागत किया गया। भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा की शुरुआत शहर में सन 1955 में उड़िया महाराज ने की थी जो आज भी परम्परा अनुसार जारी है। आज भी भक्तों ने भगवान की आरती करने के साथ ही माथा टेककर परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। उड़िया पण्डित परिवार द्वारा भक्तों को हलुआ व पानी का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर भरत मिश्रा, अरविन्द मिश्रा, मनोज कंसारी, संतोष मिश्रा, राजेश मिश्रा, सुदामा मिश्रा, विनोद मिश्रा आदि मौजूद थे।

### जय जगन्नाथ के उद्घोष के साथ गुंडीचा मंदिर से निकली बहुड़ा यात्रा, आठ दिन बाद अपने धाम लौटे प्रभु जगन्नाथ

**बिश्रामपुर।** देवशयनी एकादशी के एक दिन पूर्व शुक्रवार को भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा 8 दिनों तक मौसी घर गुंडीचा मंदिर में विश्राम करने के बाद बहुड़ा यात्रा के साथ अपने धाम श्री जगन्नाथ मंदिर लौट आए,इस अवसर पर नगर में भक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिला। उत्कल समाज के तत्वावधान में आयोजित बहुड़ा यात्रा के लिए व्यापक तैयारियां की गई थीं। दोपहर बाद भगवान का सुसज्जित रथ ढोल-नगाड़ों और जय जगन्नाथ के उद्घोष के बीच गुंडीचा मंदिर से रवाना हुआ। रथयात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, महिलाएं, पुरुष और बच्चे शामिल हुए तथा पूरे श्रद्धाभाव से रथ को खींचते हुए नगर भ्रमण कराया। नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकली बहुड़ा यात्रा देर शाम श्री जगन्नाथ मंदिर पहुंची, जहां भगवान का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। भगवान के अपने धाम लौटने के साथ ही आठ दिवसीय रथयात्रा महोत्सव का विधिवत समापन हो गया। श्रद्धालुओं ने भगवान जगन्नाथ से सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।



# प्लेस ऑफ सेफ्टी के रौशनदान की ग्रिल तोड़कर भागे तीन अपचारी बालक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बाल संप्रेक्षण गृह के बाद शुकवार को प्लेस ऑफ सेफ्टी से भी तीन अपचारी बालक फरार हो गए। फरार बालकों को चोरी के आरोप में पकड़ा गया था। अपचारी बालक बाथरूम के रोशनदान को तोड़कर भागने में सफल हुए। इस घटना के बाद जिले में हड़कंप मच गया है। इस घटना के बाद कलेक्टर-एसपी ने प्लेस ऑफ सेफ्टी संस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लापरवाही पर अधीक्षक को निलंबित कर दिया। इधर पुलिस द्वारा फरार हुए अपचारी बालकों की तलाश की जा रही है।

- एक महीने के अंदर तीसरी घटना से सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल, कलेक्टर एसपी ने किया संस्था का निरीक्षण

बता दें कि बाल संप्रेक्षण गृह के बगल में ही प्लेस ऑफ सेफ्टी संस्था संचालित है। इस संस्था में 16 से 18 साल तक के नाबालिग लड़कों को रखा जाता है। इसी प्लेस ऑफ सेफ्टी में तीन बच्चों को चोरी के आरोप में रखा गया था। बताया जा रहा है कि शुक्रवार की सुबह सभी अपचारी बालकों को योगा के लिए उठाया गया था। इस दौरान तीनों अपचारी बालक तैयार होने के नाम पर बाथरूम में गए और बाथरूम के रोशन दान की ग्रिल को तोड़ दिया और फरार हो गए। अपचारी बालकों के फरार होने से हड़कंप मच गया। वहीं इस घटना ने एक बार फिर से बाल संप्रेक्षण गृह और प्लेस ऑफ सेफ्टी जैसी संस्थाओं में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए है। इसके पहले बाल संप्रेक्षण गृह से 23 जून को भी इसी बाल सम्प्रेक्षण गृह से 11 अपचारी बालक, 14 जुलाई को भी 13 बालक फरार हो गए थे जिनमें से अब तक 9 को पकड़ने की बात कही जा रही है। वहीं इसके पहले फरवरी महीने में भी प्लेस ऑफ सेफ्टी से 13 नाबालिग भाग निकले थे। हैरानी की बात तो यह है कि लगातार हो रही घटनाओं के बाद भी बाल संप्रेक्षण गृह, प्लेस ऑफ सेफ्टी जैसी संस्थाओं में सुरक्षा के इंतजाम को पुख्ता नहीं किया जा रहा है जो बड़ी लापरवाही को उजागर करता है।




### कलेक्टर ने अधीक्षक को किया निलंबित

घटना की सूचना मिलने के बाद कलेक्टर अजीत वसंत एवं एसएसपी राजेश अग्रवाल ने शुक्रवार को शासकीय प्लेस ऑफ सेफ्टी संस्था बालक का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था एवं उपलब्ध सुविधाओं का अवलोकन किया। कलेक्टर श्री वसंत ने महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी तथा ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन अभियंता को भवन की खिड़कियों का आकार सुरक्षा की दृष्टि से छोटा करने, चारदीवारी के ऊपरी हिस्से में लगी ग्रिल को और अधिक मजबूत बनाने तथा भवन का बारीकी से अवलोकन कर सभी आवश्यक सुरक्षा संबंधी कार्य तत्काल प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने निरीक्षण के दौरान निवासरत बालकों की मानसिक स्थिति का आकलन कर आवश्यकतानुसार मनोवैज्ञानिक काउंसलिंग उपलब्ध कराने साथ ही जो बच्चे आदतन बार बार सम्प्रेक्षण गृह से भाग रहे हैं उन्हें अन्य जिलों में स्थानांतरित करने की प्रक्रिया प्रारंभ करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री वसंत ने सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाही पर संस्था के अधीक्षक को निलंबित करने के निर्देश दिए। वहीं एसएसपी श्री अग्रवाल ने संस्था में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का ऑडिट कराने तथा प्लेस ऑफ सेफ्टी बालक एवं बाल संप्रेक्षण गृह बालक दोनों संस्थाओं का सुरक्षा ऑडिट कराने के निर्देश दिए। इसके पश्चात कलेक्टर एवं एसपी ने बाल संप्रेक्षण गृह बालक का भी निरीक्षण किया। भवन का अवलोकन करने के बाद ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन अभियंता को तत्काल मरम्मत एवं निर्माण कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

# नकाबपोश लोगों ने किया युवक का अपहरण, उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

ग्राम गोंदा में परिचित के यहां बैठे युवक को नकाबपोश युवकों ने न सिर्फ घर के अपहरण किया बल्कि केवरा चौक के समीप ले जा कर लाठी-डंडे से प्राण घात हमला कर दिया। मारपीट से गंभीर हुए युवक ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

- पुरानी रंजिश को लेकर दिया घटना को अंजाम

जानकारी के अनुसार प्रतापपुर अंतर्गत ग्राम गोंदा डिगडिवापारा निवासी हरिनंदन राजवाड़े आ. स्व. राम प्रसाद राजवाड़े (36 वर्ष) शुक्रवार की रात गांव के ही राजेन्द्र प्रसाद सूर्यवंशी के यहां दोस्त राहुल शर्मा के साथ बैठा था। इसी दौरान ग्राम केवरा के बड़ी संख्या में नकाबपोश राजेंद्र के घर पहुंचे और हरिनंदन को जबरन उठाकर अपने साथ लेकर चले गए। हरिनंदन का घर से अपहरण कर ले जाने पर राजेन्द्र ने घटना की जानकारी हरिनंदन के बड़े भाई बम भोले राजवाड़े को दी और साथ खोजबीन करने जाने की बात कही। घटना की जानकारी लगते ही बम भोले और राजेंद्र खोजबीन करने निकले तभी बम भोले की लड़की रीति ने फोन कर पिता को बताया कि चाचा हरिनंदन को केवरा चौक के समीप कुछ लोग मारपीट कर रहे। जैसे ही भाई व राजेन्द्र मौके पर पहुंचे तो देखा हरिनंदन गंभीर हालत में बेहोश पड़ा हुआ था। इसी बीच किसी ने घटना की सूचना डायल 112 को पहले ही दे दिया था। डायल 112 से घायल को तत्काल प्रतापपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत नाजुक होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन घायल को लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आपातकालीन केन्द्र पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई बम भोले राजवाड़े ने पुलिस को बताया कि 14 मई को भाई हरिनंदन राजवाड़े का ग्राम केवरा निवासी ललित राजवाड़े से विवाद हुआ था वहीं जब हरिनंदन के साथ मौजूद उसके दोस्त अम्बिकापुर भट्टी रोड निवासी राहुल से पूछा तो राहुल ने बताया कि हरिनंदन को साथ ललित राजवाडे, चंदन केवट सहित अन्य लोगों ने मारपीट किया है। बहरहाल मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया। इधर घटना की सूचना पर प्रतापपुर पुलिस आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। प्रतापपुर पुलिस का कहना है कि आरोपी जल्द ही गिरफ्तार कर लिए जाएंगे।



# युवक ने तालाब में मगरमच्छ का एआई से फोटो बनाकर किया वायरल

**सूरजपुर।** रामानुजनगर के केशवपुर स्थित तालाब में मगरमच्छ की एआई से बनाई गई फोटो वायरल करना ग्रामीणों को महंगा पड़ गया है। वायरल फोटो के आधार पर वन विभाग ने गांव में जाकर जांच की और भ्रामक जानकारी फैलाकर दहशत पैदा करने के मामले में अपराध दर्ज करने के साथ ही आरोपी को गिरफ्तार किया है।

- झूठी खबर और दहशत फैलाने के मामले में वन विभाग ने की कार्रवाई, आरोपी गिरफ्तार

बताया जा रहा है कि जिले के रामानुजनगर अंतर्गत ग्राम केशवपुर के यादवपारा स्थित तालाब में मगरमच्छ दिखाई देने की सूचना पर वन विभाग की टीम गांव पहुंची थी। टीम द्वारा की गई जांच में यह तथ्य सामने आया कि सोशल मीडिया पर प्रसारित फोटो वास्तविक नहीं थी, बल्कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीक की सहायता से तैयार की गई भ्रामक तस्वीर थी। 23 जुलाई को ग्राम पंचायत केशवपुर एवं ग्रामवासियों द्वारा वन विभाग को सूचना दी गई थी कि गांव के तालाब में मगरमच्छ देखा गया है। चूंकि मगरमच्छ वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के अंतर्गत संरक्षित अनुसूची-I वन्यजीव है, अतः सूचना को गंभीरता से लेते हुए वन विभाग द्वारा तत्काल अधिकारियों एवं कर्मचारियों को साथ लेकर मौके पर तालाब का निरीक्षण किया गया तथा वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए रेस्क्यू दल को भी सक्रिय किया गया। जांच एवं पूछताछ के दौरान संबंधित व्यक्ति केशवपुर निवासी ब्रजलाल यादव आ.रूपनारायण यादव ने यह स्वीकार किया गया कि उसने अपने मोबाइल पर एआई तकनीक की सहायता से तालाब की वास्तविक फोटो में मगरमच्छ का चित्र जोड़कर उक्त फोटो तैयार की तथा विभिन्न व्हाट्सएप समूहों में साझा की। इस भ्रामक एवं असत्य सूचना के कारण ग्रामवासियों एवं आसपास के क्षेत्र में भय एवं भ्रम का वातावरण निर्मित हुआ तथा वन विभाग को रेस्क्यू दल सहित शासकीय संसाधनों का अनावश्यक उपयोग करते हुए मौके पर जांच एवं खोजबीन करनी पड़ी, जिससे विभागीय कार्य भी प्रभावित हुए। उक्त तथ्यों के आधार


⏭ शेष पेज 4 पर




## 41 प्रकरणों में 98 हजार 600 रुपये का लगाया गया शमन शुल्क

# रामानुजगंज में नो एंट्री नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

जिले के नगर पालिका रामानुजगंज क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुचारु, सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी द्वारा के निर्देशों के अनुरूप परिवहन एवं पुलिस विभाग के द्वारा लगातार निगरानी एवं सघन जांच अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी कड़ी में विगत रात्रि रामानुजगंज नगर के प्रतिबंधित क्षेत्र में विशेष जांच अभियान चलाया गया।

जांच के दौरान नो-एंट्री के निर्धारित नियमों का उल्लंघन कर नगर क्षेत्र में प्रवेश करने वाले भारी वाहनों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान अधिकारियों ने प्रत्येक वाहन के दस्तावेजों, निर्धारित मार्ग, प्रवेश समय एवं मोटरयान अधिनियम के अन्य प्रावधानों की भी जांच की गई। ताकि नगर क्षेत्र में दुर्घटनाओं की आशंका को न्यूनतम करना तथा आम नागरिकों के लिए सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करना है। कार्रवाई के दौरान नो-एंट्री नियमों का उल्लंघन करने के 29 प्रकरण दर्ज किए गए, जिन पर 58 हजार रूपए का शमन शुल्क अधिरोपित किया गया। वहीं सीट बेल्ट का उपयोग नहीं करने के 2 प्रकरणों में 1 हजार रूपए तथा मोटरयान अधिनियम के अन्य प्रावधानों के उल्लंघन से संबंधित 10 प्रकरणों में 39 हजार 600 रूपए का शमन शुल्क वसूला गया। इस प्रकार कुल 41 प्रकरणों में 98 हजार 600 रूपए का का शमन शुल्क अधिरोपित करते हुए नियमानुसार कार्रवाई की गई।

संबंधित अधिकारियों द्वारा सतत रूप से सुव्यवस्थित परिवहन के लिए नियमित रूप से जांच अभियान चलाते हुए नियमों के उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी



कार्रवाई करते यातायात कर्मी।

### शिक्षिका के सूने मकान में चोरों का धावा, पार किया नकदी सहित चार लाख के सामान

**अम्बिकापुर।** शहर में एक बार फिर चोरी की घटनाएं बढ़ने लगी है। चोरों के हौसले इस कदर बढ़ गए है कि अब दिन दहाड़े चोरी की घटना को अंजाम देने लगे है। एक दिन पूर्व ही शहर के बीच चोरों ने दिनदहाड़े शिक्षिका के सूने मकान में न सिर्फ धावा बोला बल्कि घर से नकदी सहित लगभग चार लाख से अधिक कीमत के सोने-चांदी के जेवरात व सामान चोरी कर ले गए। मकान मालिक शिक्षिका ने घटना की शिकायत कोतवाली में की है। जानकारी के अनुसार शहर के पुराना नगर निगम कार्यालय पानी टंकी के समीप केदारपुर निवासी सरिता सिन्हा पति विनोद सिन्हा शहर के एक निजी स्कूल में शिक्षिका के पद पर पदस्थ है। हर रोज की भांति 22 जुलाई की सुबह 7 बजे दरवाजे में ताला लगाकर स्कूल चली गई थी। दोपहर लगभग 3 बजे जब घर पहुंच और सामने का दरवाजा खोलकर अंदर गई तो उसके होश उड़ गए। घर के तीन कमरों में सामान बिखरा हुआ था। जब शिक्षिका घर के पीछे गई तो देखा लोहे के जंग लगा दरवाजा टूटा हुआ था। घर में चोरी होने की आशंका पर जब शिक्षिका ने घर में रखे सामान का मिलान किया तो पता चला की कमरे के अलमारी से नकद 20 हजार रूपए के अलावा एक सोने का चैन, चार सोने की अंगूठी के अलावा कांस व पीतल के बर्तन सहित लगभग चार लाख कीमत के सामान गायब थे। जब शिक्षिका ने आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज देखा तो दिन 12.54 में चोर घर की ओर आते दिखे और घर से चोरी कर दोपहर 2.35 बजे वापस जाते दिखे। शिक्षिका ने घर में चोरी होने की शिकायत कोतवाली में की। शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने दो नाबालिग व एक कबाड़ी को चोरी करने के संदेह पर हिरासत में लेकर पूछताछ करने में जुट गई है। घर में चोरी नाबालिग या कबाड़ी द्वारा किए जाने की संभावना जताई जा रही है।


## खबर संक्षेप

### साप्ताहिक बाजार में कीचड़ से परेशानी



**कटगोड़ी।** जिले के ग्राम पंचायत कटगोड़ी के सप्ताहिक बाजार में कीचड़ से लोग परेशान हैं, व्यापारी वर्ग बुजुर्ग महिला बच्चे सभी वर्ग के लोग जल भराव और कीचड़ से परेशान हैं, पिछले वर्ष में बरसात में यही हाल था और अब तक सुधार नहीं हो पाया, लोग विवश हैं कोई अधिकारी या संबंधित विभाग ध्यान नहीं दे रहे हैं, बाजार में जाने के लिए दो रास्ते हैं, एक मेन रोड से उसमे भी गड्ढा हो गया है और पानी भर जाने से पिकअप ऑटो में समान ले जाने में व्यापारियों को कीचड़ के वजह से बहुत परेशान होते हैं, दूसरा रास्ता है आईटीआई रोड से इधर से भी वही हाल है।

### लगातार बारिश से दुकान की छत ढही



**कोरिया कालरी।** पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही भारी बारिश का असर अब जनजीवन के साथ छोटे व्यापारियों पर भी दिखाई देने लगा है। कोरिया कालरी के बाजारपारा स्थित एक छोटी किराना दुकान की छत अचानक ढह गई, जिससे दुकानदार को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। जानकारी के अनुसार, दुकान संचालक अशोक गुप्ता अपनी छोटी सी किराना दुकान से परिवार का भरण-पोषण करते हैं। लगातार बारिश के कारण दुकान की छत कमजोर होकर भरभराकर गिर गई। घटना के समय दुकान में कोई मौजूद नहीं था, जिससे किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। हालांकि इस हादसे में किसी की जान नहीं गई, लेकिन गरीब दुकानदार की आजीविका पर बड़ा संकट खड़ा हो गया है। दुकान क्षतिग्रस्त होने से व्यापार प्रभावित हो गया है और आर्थिक नुकसान भी हुआ है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि प्राकृतिक आपदा से प्रभावित दुकानदार को शीघ्र आर्थिक सहायता प्रदान की जाए, ताकि वह अपनी दुकान दोबारा शुरू कर सके और परिवार का पालन-पोषण सुचारु रूप से कर सके।

### कलेक्टर ने एमआरएफ सेंटर का किया निरीक्षण



**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने नगर परिषद अमरकंटक स्थित मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी सेंटर का निरीक्षण कर स्वच्छता व्यवस्था एवं वैज्ञानिक कचरा प्रबंधन की समीक्षा की,इस दौरान उन्होंने कचरा संग्रहण, पृथक्करण, प्रसंस्करण एवं निष्पादन की व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर पंचोली ने कहा कि अमरकंटक प्रदेश की महत्वपूर्ण पर्यटन एवं धार्मिक नगरी है, इसलिए यहां स्वच्छता व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ बनाए रखना आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि घरों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से निकलने वाले गीले एवं सूखे कचरे का शत-प्रतिशत स्रोत स्तर पर पृथक्करण सुनिश्चित किया जाए, ताकि ठोस अपशिष्ट का वैज्ञानिक तरीके से प्रबंधन किया जा सके।

### प्लास्टिक मुक्त ग्रामों की दिशा में आगे बढ़ रहा एमसीबी

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को सुदृढ़ बनाने की दिशा में संचालित प्रयासों के तहत आज सरगुजा संभाग के उपायुक्त आर.के. खूंटे ने चनवारीडांड स्थित प्लास्टिक प्रतिबंध इकाई का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने इकाई में संचालित विभिन्न गतिविधियों, कार्यप्रणाली एवं अभिलेखों का गहन अवलोकन किया तथा प्लास्टिक अपशिष्ट के संग्रहण, पृथक्करण एवं वैज्ञानिक प्रबंधन के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की।

## कलेक्टर के साथ स्कूली बच्चों ने किया शुभारंभ, 4 हेक्टेयर में भूजल संवर्धन कार्य

# अमरूद का पौधा लगाकर फलोद्यान की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कोरिया जिले ने एक अभिनव कदम बढ़ाते हुए शुक्रवार को 4 हेक्टेयर भूमि पर पौधे लगाए जाने की शुरुआत की है। स्व सहायता समूह की महिलाओं और स्कूली बच्चों को साथ लेकर ग्राम किशोरी में एक हजार फलदार पौधों का रोपण किया।

जिले की हरीतिमा को बचाए रखने के उद्देश्य से जनपद पंचायत सोनहत के ग्राम पंचायत किशोरी में 4 हेक्टेयर क्षेत्रफल में एक हजार फलदार पौधे लगाए गए हैं जो आने वाले समय में लाभ का केन्द्र बनेंगे। इस अवसर पर कलेक्टर कोरिया श्रीमती रोक्तिमा यादव, जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी योगेंद्र श्रीवास और जनपद पंचायत सोनहत के सीईओ मनोज कुमार जगत उपस्थित रहे। 24 जुलाई को ग्राम पंचायत किशोरी में आयोजित वृहद पौधारोपण कार्यक्रम में दो विद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना और विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों ने उत्साह पूर्वक सहभागिता की। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अकलासरई और माध्यमिक विद्यालय किशोरी से आए सैकड़ों बच्चों ने कलेक्टर कोरिया श्रीमती रोक्तिमा यादव के साथ मिलकर फलदार पौधों का रोपण किया। सभी ने उत्साह से पौध रोपण कर आयोजन में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। कलेक्टर श्रीमती यादव ने ग्राम पंचायत किशोरी में अमरूद का पौधा लगाकर 4 हेक्टेयर में फलोद्यान तैयार करने की शुरूआत की। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ योगेंद्र श्रीवास ने कटहल का पौधा लगाया। यंहा उपस्थित महिलाओं को फलदार पौधे लगाने के दोहरे फायदे से अवगत कराते हुए उन्होंने कहा कि आने वाले समय में यह उद्यान पर्यावरण को संरक्षित करने के साथ ही आपको हर मौसम में आर्थिक लाभ भी देगा। कलेक्टर कोरिया ने ग्राम सरपंच बबन के साथ भी संवाद किया और जनपद पंचायत सीईओ को इस क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर कोरिया का बच्चों ने बड़े उत्साह से स्वागत किया। कलेक्टर ने कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा माया सिंह और कक्षा नवमी के छात्र रवि चंद्र से आत्मीय संवाद करते हुए उनके विषय पूछे और पढ़ाई में आ रही दिक्कतों पर भी बात की।






अभियान के शुरुआत के दौरान उपस्थित कलेक्टर व अन्य।

**भूजल संवर्धन के लिए 950 संरचनाएं:** ग्राम पंचायत किशोरी में 4 हेक्टेयर भूमि पर जल संरक्षण और भूजल संवर्धन हेतु 50 बोल्डर चेक, 50 रिचार्ज पिट, 600 से ज्यादा कंटूर ट्रेंच के साथ 250 से अधिक थर्टी फोर्टी मॉडल बनाए गए हैं। इससे पूरे क्षेत्र होने वाली बारिश का पूरा जल भूमिगत करने की योजना है।

### जल संरक्षण की मिसाल बनी 18वीं विशेष भारत रक्षित वाहिनी

- 2100 से अधिक पौधों को मिलेगा संजीवनी

एमसीबी जिले में 18वीं विशेष भारत रक्षित वाहिनी, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, चैनपुर जिला एमसीबी द्वारा बीते छह माह से जल संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन की दिशा में किए जा रहे सतत प्रयास अब वर्षा ऋतु में सार्थक परिणाम देने लगे हैं। वाहिनी परिसर में निर्मित स्टॉप डैम में वर्षा जल का भरपूर संचयन होने से न केवल भू-जल स्तर में वृद्धि की संभावना मजबूत हुई है, बल्कि परिसर में लगाए गए हजारों पौधों के संरक्षण के लिए भी पर्याप्त जल उपलब्ध हो गया है। वाहिनी के कमांडिंग ऑफिसर संजय शर्मा के नेतृत्व में राजपत्रित अधिकारी के.सी. मिंज, अविनाश अग्निहोत्री, देवनारायण सिंह सहित अन्य अधिकारियों एवं जवानों के सामूहिक प्रयासों से जल संरक्षण की यह अभिनव पहल सफल होती दिखाई दे रही है। अधिकारियों एवं जवानों द्वारा बनाए गए स्टॉप डैम के माध्यम से लगभग 90 मीटर लंबे एवं 12 मीटर चौड़े नाले में 6 से 8 फीट की गहराई तक लगभग 3000 घनमीटर वर्षा जल का संचयन हो चुका है। इस जल संचयन से क्षेत्र में भू-जल स्तर बढ़ने की संभावना के साथ-साथ गर्मी के मौसम में भी वाहिनी परिसर में लगाए गए 2100 से अधिक पौधों के लिए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित होगी।





# चिरमिरी में आवारा कुत्तों का आतंक!

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरिया कॉलरी

- मेन रोड पर फिर गाय के बछड़े पर हमला

नगर पालिक निगम चिरमिरी क्षेत्र के कोरिया कॉलरी में वार्ड क्रमांक 8 स्थित मितवा नगर में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है।

शुक्रवार को एक बार फिर मेन सड़क पर एक गाय के मासूम बछड़े पर कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल बछड़ा जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहा है स्थानीय लोगों का आरोप है कि इससे पहले भी इस गंभीर समस्या की सूचना नगर निगम चिरमिरी और स्थानीय पुलिस चौकी को कई बार दी जा चुकी है, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। लोगों का कहना है कि अधिकारियों की लापरवाही के कारण आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। रहवासियों के अनुसार, अब तक कुत्तों के झुंड चार बंदरों और तीन गाय के बछड़ों को अपना शिकार बना चुके हैं। इसके बावजूद न तो नगर निगम द्वारा आवारा कुत्तों को पकड़ने की प्रभावी मुहिम चलाई गई और न ही वन विभाग ने वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर कोई ठोस कदम उठाया। स्थानीय नागरिकों में इस घटना को लेकर भारी आक्रोश है। उनका कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो भविष्य में किसी बच्चे या राहगीर पर भी हमला हो सकता है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित विभागों की होगी। लोगों ने नगर निगम, वन विभाग और जिला प्रशासन से तत्काल विशेष अभियान चलाकर आवारा कुत्तों के आतंक पर रोक लगाने, घायल बछड़े का उपचार कराने तथा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। अब बड़ा सवाल यह है कि आखिर लगातार हो रही इन घटनाओं के बाद भी जिम्मेदार विभाग कब जागेंगे?

# एफसी क्लब चिरमिरी पहुंची फाइनल में

- रात्रिकालीन विधायक कप फुटबॉल प्रतियोगिता



**डोमनहिल।** अमर कुंज क्रीड़ांगन, डोमनहिल में एमसीबी फुटबॉल क्लब एवं चिरमिरी फुटबॉल संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अंतर जिला रात्रिकालीन विधायक कप फुटबॉल प्रतियोगिता के सेमी फाइनल मैच एफसी क्लब चिरमिरी एवं सूरजपुर जिला के केदारपुर टीम के बीच खेला गया दोनों टीमों के बीच शुरू से ही तेज और संघर्षपूर्ण खेल देखने को मिला, लेकिन एफसी क्लब चिरमिरी ने शानदार तालमेल और आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए केदारपुर की टीम को 3-0 से पराजित कर प्रतियोगिता में प्रभावशाली जीत दर्ज फाइनल मैच में अपनी स्थान बना ली है। मुकाबलों का शुभारंभ पूर्व महापौर के डमरु रेड्डी एवं अन्य अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि प्रतियोगिता के दौरान वरिष्ठ खिलाड़ी सुनील कुमार ने मुकाबलों का आंखों देखा हाल प्रस्तुत कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। वहीं निर्णायक की भूमिका रणधीर ठाकुर, चंद्रशेखर पोलई, पूरन सिंह, संदीप पटेल सहित अन्य रेफरियों ने निष्पक्ष रूप से निभाई। रात्रिकालीन विधायक कप फुटबॉल प्रतियोगिता को देखने के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में खेल प्रेमी, युवा और स्थानीय नागरिक अमर कुंज क्रीड़ांगन पहुंच रहे हैं।

### ऑनलाइन सुरक्षा प्रशिक्षण में बालिकाओं को मिली जानकारी

**मनेन्द्रगढ़।** जिला महिला सशक्तिकरण केंद्र, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा भारत सरकार की लोकप्रिय योजना ॅबेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओॅ के अंतर्गत ऑनलाइन सुरक्षा एवं साइबर जागरूकता कार्यक्रम के द्वितीय दिवस का आयोजन शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोथारी में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक बनाना, डिजिटल दुनिया में सुरक्षित व्यवहार की जानकारी देना तथा महिला सुरक्षा, विधिक अधिकार एवं आत्मरक्षा के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संतन देवी जांगड़े के निदेशानुसार तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी आदित्य शर्मा के मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक रत्ना सिंह के सहयोग से किया गया।

# पीएम श्री एकलव्य विद्यालय में शाला प्रवेशोत्सव का शुभारंभ

**चिरमिरी।** जिले के खड़गवां विकासखंड स्थित पीएम श्री एकलव्य आवासीय विद्यालय, पोडीडीह में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल शामिल हुए। इस दौरान नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया, इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मुख्य अतिथि श्री जायसवाल ने नए शैक्षणिक सत्र में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सभी विद्यार्थी पूरी लगन और मेहनत से पढ़ाई करें तथा अपने विद्यालय, जिले और प्रदेश का नाम रोशन करें। उन्होंने बताया कि पिछले सत्र में की गई घोषणा के अनुरूप विद्यालय के स्मार्ट क्लास के लिए स्पीकर, माइक सिस्टम एवं स्मार्ट एलईडी उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने फीता काटकर स्मार्ट क्लास का शुभारंभ किया और आधुनिक शिक्षण सुविधाओं को विद्यार्थियों के लिए समर्पित किया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों के करकमलों से विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण भी किया गया।

# नीट-2026 के मेधावियों का चित्रगुप्त मंदिर में सम्मान



**मनेन्द्रगढ़।** कायस्थ महासभा एवं ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस (जीकेसी) के संयुक्त तत्वावधान में जिला मुख्यालय मनेंद्रगढ़ स्थित श्री चित्रगुप्त मंदिर परिसर में नीट-2026 परीक्षा में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त करने वाले जिले के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का गरिमामय सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

समारोह में छात्रों को स्मृति चिन्ह (मेमोंटो) एवं कलम भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए समाज की ओर से आशीर्वाद प्रदान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कलम के आराध्य देव भगवान श्री चित्रगुप्त की विधि-विधान से महाआरती एवं पूजन-अर्चन के साथ हुआ। इसके पश्चात नीट-2026 में शानदार सफलता हासिल करने वाले आदित्य अग्रवाल (पिता- अतुल अग्रवाल, माता- रागिनी अग्रवाल), निपुण जैन (पिता- प्रवीण जैन, माता- अंजू जैन), अनुराग मिश्रा (पिता- भूपेंद्र कुमार मिश्रा, माता- सरस्वती मिश्रा),मोहम्मद अयाज (पिता- अब्दुल अजीज, माता- तबस्सुम) तथा ईशान कुमार सिंह (पिता- स्व. संजय कुमार सिंह, माता- अंजू सिंह) को मेमोंटो एवं कलम भेंट कर सम्मानित किया गया। खड़गवां निवासी नीट में सफल छात्र अनुराग त्रिपाठी (पिता- धनेशनाथ त्रिपाठी, माता- ललिता त्रिपाठी) किसी कारणवश कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो सके। इस पर समाज ने निर्णय लिया कि खड़गवां इकाई के पदाधिकारी उनके घर जाकर उन्हें सम्मानित करेंगे। सम्मानित विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और निरंतर किए गए कठिन परिश्रम को दिया। विद्यार्थियों ने कहा कि नियमित अध्ययन, अनुशासन और सकारात्मक सोच के बल पर ही यह सफलता संभव हो सकी। छात्र ईशान कुमार सिंह ने भावुक होकर कहा कि उनके पिता चिकित्सक थे और उनका सपना था कि उनका बेटा भी डॉक्टर बने। आज भले ही उनके पिता इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन वह डॉक्टर बनकर उनके सपने को अवश्य पूरा करेंगे।

### लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करें

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुश्री संतन देवी जांगड़े के निदेशानुसार अपर कलेक्टर अनिल कुमार सिदार एवं नम्रता डोंगरे की अध्यक्षता में जिले के समस्त राजस्व अधिकारियों की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक ग्राम पंचायत लाई स्थित अमृतधारा डीपीआरसी भवन के सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं संबंधित राजस्व अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर एसडीएम लिंगराज सिदार, शशि शेखर मिश्रा, विजयेंद्र सिंह सारथी, इंदिरा मिश्रा सहित समस्त तहसीलदार मौजूद रहे। इस बैठक में राजस्व विभाग के विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए अपर कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक राजस्व अधिकारी अपने क्षेत्र के लंबित प्रकरणों का समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें।

# बिजुरी-मनेंद्रगढ़ मुख्य मार्ग बना 'मौत का कुआं'

- वार्ड नं. 8 में गड्ढे या सड़क ढूंढना हुआ मुश्किल, हादसों को न्योता दे रहा जलभराव



**बिजुरी।** एक तरफ जहां जिला प्रशासन विकास के बड़े-बड़े दावे करता है, वहीं दूसरी तरफ बिजुरी-मनेंद्रगढ़ मुख्य मार्ग के वार्ड क्रमांक 08 की जमीनी हकीकत इन दावों की पोल खोलती नजर आ रही है। स्थिति यह है कि इस मुख्य मार्ग को देखकर यह पहचान पाना मुश्किल हो गया है कि सड़कों में गड्ढे हैं या गड्ढों के बीच कहीं सड़क बची है! बारिश के इस मौसम में यह सड़क किसी भयानक दलदल और हादसों के जाल में तब्दील हो चुकी है। बिजुरी-मनेंद्रगढ़ मार्ग केवल एक स्थानीय रास्ता नहीं है, बल्कि यह क्षेत्र की आर्थिक और सामाजिक रीढ़ की हड्डी है। रोजाना मनेंद्रगढ़ जिले समेत आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों लोग बिजुरी मार्केट में दैनिक जरूरतों और व्यापार के सिलसिले में आते हैं। मुख्य मार्ग के वार्ड नं. 08 में प्रवेश करते ही वाहन चालकों का सामना कमरतोड़ गड्ढों और लबालब भरे गंदे पानी से होता है। पानी से भरे इन गड्ढों की गहराई का अंदाजा लगाना किसी भी अजनबी या स्थानीय राहगीर के लिए नामुमकिन है। यह समझ ही नहीं आता कि आगे सड़क है, कोई गहरा गड्ढा या सीधे दुर्घटना कराने वाली खाई। मासूम स्कूली बच्चों की जान जोखिम में, रोज हो रहे हादसे इस प्रशासनिक लापरवाही का सबसे खतरनाक और दर्दनाक पहलू यह है कि इस मार्ग से रोज मासूम स्कूली बच्चे गुजरते हैं।ॅरोज सुबह और दोपहर को छोटे-छोटे बच्चे साइकिल और बाइक से इसी कीचड़-पानी भरे रास्ते से स्कूल जाने को मजबूर हैं। आए दिन बच्चे इन भयानक गड्ढों का शिकार होकर गिर जाते हैं। उनके कपड़े खराब होते हैं, चोटें आती हैं और कई बार तो बड़ी दुर्घटनाएं होते-होते बची हैं। बारिश के पानी के बीच ही कम से कम मुरुम, गिट्टी या मलबे का भराव तत्काल कराया जाए ताकि गड्ढों की गहराई खत्म हो सके। वार्ड नं. 08 में सड़क पर जमा हो रहे पानी की निकासी का तात्कालिक प्रबंध किया जाए ताकि मुख्य मार्ग दलदल न बने।

## कांग्रेसियों ने नगर पंचायत सीएमओ को सौंपे ज्ञापन

# प्रस्तावित जलकर और मकान टैक्स बढ़ोतरी का विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



सीएमओ को ज्ञापन सौपते कांग्रेसी।

जिले के पटना नगर पंचायत में जलकर बढ़ाने और मकान टैक्स लागू करने की तैयारी का विरोध तेज हो गया है। सांसद प्रतिनिधि दीपक खत्री के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकतार्ओं एवं जनप्रतिनिधियों ने नगर पंचायत कार्यालय पहुंचकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में जलकर की प्रस्तावित बढ़ोतरी वापस लेने तथा मकान टैक्स लागू नहीं करने की मांग की गई। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि नगर पंचायत बनने के बाद अब तक क्षेत्र में अपेक्षित विकास कार्य दिखाई नहीं दे रहे हैं। उनका आरोप है कि नगर पंचायत का पहला वर्ष अध्यक्ष और तत्कालीन सीएमओ के बीच खींचतान में ही निकल गया। अब नए सीएमओ के कार्यभार संभालते ही जनता पर नए करों का बोझ डालने की तैयारी शुरू कर दी गई है। ज्ञापन सौंपने के दौरान सांसद प्रतिनिधि दीपक खत्री ने कहा कि नगर पंचायत पहले मूलभूत सुविधाएं बेहतर बनाए, उसके बाद कर बढ़ाने पर विचार करे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में लोगों को न तो बेहतर पेयजल व्यवस्था मिल रही है और न ही अन्य नागरिक सुविधाओं में अपेक्षित सुधार हुआ है। इसके बावजूद जलकर को 100 रुपये से बढ़ाकर 180 रुपये करने और मकान टैक्स लगाने का प्रस्ताव जनता के हित में नहीं है। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि जलकर वृद्धि और मकान टैक्स लगाने का निर्णय वापस नहीं लिया गया तो व्यापक जनआंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी नगर पंचायत प्रशासन की होगी।

ज्ञापन सौंपने वालों में सांसद प्रतिनिधि दीपक खत्री, पार्षद परेश सिंह, पार्षद वसीम खान, मोहम्मद इजराफिल खान, रईस खान, विक्कू पांडे, दिनेश शर्मा, अमन देवांगन, अजीमुल्ला खान, सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष विजय सिंह, नारायण सिंह, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बिहारीलाल राजवाड़े सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# आरकेवीवी विद्यापीठ में मना 27 वां स्थापना दिवस मना



**बिजुरी।** एसईसीएल हसदेव क्षेत्र स्थित कपिलधारा के रामकृष्ण विवेकानंद विद्यापीठ (आरकेवीवी) में विद्यालय का 27 वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया।

विद्यालय प्रबंधन के अनुसार इसी दिन वर्ष 1999 में विद्यालय की स्थापना हुई थी। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यालय के विवेकानंद सभागार में वैदिक मंत्रोच्चार और सरस्वती वंदना के साथ मुख्य समारोह प्रारंभ हुआ। समारोह में एसईसीएल हसदेव क्षेत्र के क्षेत्रीय महाप्रबंधक मनोज बिश्नोई मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ कुरजा उपक्षेत्र के उपक्षेत्रीय प्रबंधक वीके रैकवार तथा कार्मिक प्रबंधक अमन नामदेव विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### प्रशासनिक फेरबदल, प्रतीक जायसवाल राजपुर के नए तहसीलदार

**राजपुर।** जिले में राजस्व प्रशासन को अधिक प्रभावी और सुचारु बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर चंदन संजय त्रिपाठी ने तहसीलदार, अतिरिक्त तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं भू-अभिलेख अधीक्षकों के तबादले के आदेश जारी किए हैं। आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। जारी आदेश के अनुसार राजपुर की तहसीलदार श्रीमती कावेरी मुखर्जी को अतिरिक्त तहसीलदार बलरामपुर की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जबकि जिला कार्यालय में पदस्थ तहसीलदार प्रतीक जायसवाल को राजपुर का नया तहसीलदार बनाया गया है। इसके अलावा गुरुदत्त पंचभाये को वाड्रफनगर से बलरामपुर, अश्विनी चन्द्रा को रामचंद्रपुर से वाड्रफनगर तथा श्रीमती ऋतुराज सिंह को रामचंद्रपुर तहसीलदार के रूप में पदस्थ किया गया है। इसी तरह अतिरिक्त तहसीलदार बलरामपुर जितेन्द्र कुमार डहरे को वाड्रफनगर भेजा गया है। नायब तहसीलदार स्तर पर उदयराज सिंह को रघुनाथनगर का प्रभारी तहसीलदार, निशांत सिंह को रामानुजगंज तथा अनुग्रह केरकेट्टा को कुसमी में पदस्थ किया गया है। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को शीघ्र नवीन पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए हैं।

### विवि परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान में रोपे गए 250 पौधे



**अम्बिकापुर।** पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता संवर्धन तथा विवि परिसर को हरित एवं पर्यावरण-अनुकूल बनाने के उद्देश्य से एसजीजीयू के फार्म फॉरेस्ट्री विभाग द्वारा शुक्रवार को एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण एवं बीज आधारित हरित फेसिंग विषय पर प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरूआत एक पेड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत प्रशिक्षु वनमण्डलाधिकारी श्वेता कंबोज, कुलपति डॉ.राजेन्द्र लकपाले, कुलसचिव डॉ.एसपी त्रिपाठी सहित विवि के प्राध्यापकों, मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ वन विभाग के प्रशिक्षण अधिकारी एवं विद्यार्थियों ने 250 पौधों का रोपण किया। प्रशिक्षण कार्यशाला में वन अधिकारियों ने विश्वविद्यालय परिसर की खुली सीमा पर बीज आधारित हरित फेंसिंग विकसित करने की वैज्ञानिक तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। विशेषज्ञों ने बीज चयन, भूमि की तैयारी, बुवाई की उपयुक्त गहराई, दूरी नमी संरक्षण अंकुरण तथा पौधों की प्रारंभिक देखभाल से संबंधित जानकारियां साझा की। कार्यशाला पश्चात विवि परिसर की खुली बाउंड्री पर तीन दिवसीय बीजारोपण अभियान प्रारंभ किया गया। अभियान अंतर्गत खुली बाउंड्री की जगह बीजों के माध्यम से प्राकृतिक एवं स्थायी हरित फेंसिंग विकसित की जाएगी। विभागाध्यक्ष डॉ.कौशल सिंह ने आभार व्यक्त किया।

## पेज 1 के शेष...

### युवक ने तालाब में मगरमच्छ...

पर वन विभाग द्वारा संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ करते हुए पुलिस थाना रामानुजनगर में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने हेतु प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया, जिसके उपरांत पुलिस द्वारा नियमानुसार गिरफ्तारी की कार्रवाई भी की गई है तथा प्रकरण में अग्रिम वैधानिक विवेचना जारी है। वन विभाग ने आम नागरिकों से आह्वान किया है कि वे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अथवा अन्य डिजिटल माध्यमों से तैयार भ्रामक फोटो, वीडियो अथवा असत्य सूचनाओं का निर्माण अथवा प्रसार न करें, क्योंकि इस प्रकार की भ्रामक जानकारी से जनसामान्य में अनावश्यक भय एवं अफवाह फैलती है, शांति व्यवस्था प्रभावित होती है तथा शासकीय संसाधनों का अनावश्यक उपयोग होता है। विभाग ने यह भी कहा है कि यदि किसी क्षेत्र में वास्तव में कोई वन्यजीव दिखाई दे, तो उसकी सूचना तत्काल निकटतम वन कार्यालय अथवा वन विभाग के अधिकारियों को दें तथा किसी भी अपुष्ट सूचना या फोटो को सोशल मीडिया पर साझा करने से बचें।

### 1 अगस्त से प्रारंभ होगी योजना

# अब अग्रिम भुगतान के बाद ही शासकीय कार्यालयों में उपलब्ध होगी बिजली

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- प्रथम चरण में जिला एवं विकासखण्ड के कार्यालयों में की जाएगी लागू

बिजली बिल भुगतान के लिए आवंटन का रोना रोने वाले शासकीय विभाग के अधिकारियों को आगामी माह से विद्युत उपयोग के लिए अग्रिम राशि का भुगतान करना पड़ेगा। भुगतान की गई राशि खत्म होते ही कार्यालय की बिजली स्वमेव बंद हो जाएगी। विद्युत विभाग ने योजना के प्रथम चरण में जिला एवं विकासखण्ड मुख्यालयों में यह व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया है।

हर साल वित्तीय वर्ष के अंत में विद्युत मांग, खपत एवं विद्युत बिल राशि की समीक्षा करता है। वित्तीय वर्ष के अंतिम दौर में राजस्व वसूली का दबाव बढ़ने पर विभाग निजी क्षेत्र एवं औद्योगिक इकाई पर सख्ती कर बकाया राजस्व की वसूली करता है साथ ही जरूरत पड़ने पर घरों एवं संस्थानों की बिजली भी काटती है। विभाग का दबाव बढ़ने एवं घर व उद्योगों के संचालन में परेशानी होने पर लोग बकाया राशि का भुगतान करने मजबूर हो जाते है। दूसरी तरफ अधिकांश शासकीय विभाग समय पर बिजली बिल का भुगतान नहीं करते तथा अंत में बिजली बिल की बड़ी राशि का भुगतान करने के लिए बजट उपलब्ध नहीं होने का रोना रोते है। शासकीय विभागों द्वारा समय पर बिजली बिल का भुगतान नहीं करने के कारण विभाग का करोड़ों रूपए का राजस्व अटक जाता है। लम्बे समय से चली आ रही इस समस्या के निराकरण के लिए विभाग पिछले कुछ सालों से सख्ती की कर रहा है। शासकीय विभागों को बिजली बिल भुगतान के लिए नोटिस जारी करने के साथ ही विभाग वित्तीय वर्ष के अंत में कुछ कार्यालयों की बिजली भी काट रहा है इसके बावजूद शासकीय विभाग समय पर बकाया राशि का भुगतान नहीं कर रहे हैं। इस समस्या के निराकरण के लिए विद्युत विभाग ने अब सभी शासकीय कार्यालयों में स्मार्ट मीटर लगाने एवं अग्रिम भुगतान के बाद ही बिजली उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। आगामी अगस्त माह से शासकीय विभागों को मोबाइल रिचार्ज कराने की तर्ज पर बिजली के लिए अग्रिम राशि भुगतान करना पड़ेगा। रशि खत्म होते ही कार्यालय की बिजली बंद हो जाएगी तथा पुनः अग्रिम भुगतान करने के बाद ही कार्यालय रोशन होगा। इसके लिए विभाग ने रायपुर में स्वचलित प्रणाली विकसित की है।




### सरगुजा में 5000 शासकीय कार्यालय

सरगुजा में जिला व विकासखण्ड मुख्यालयों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में कुल 5000 शासकीय कार्यालय है। गांव-गांव में शासकीय स्कूल, पटवारी व राजस्व निरीक्षक तथा ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सहित अन्य विभागों के कार्यालय हैं जिला एवं विकासखण्ड मुख्यालयों में 900 शासकीय कार्यालय है। विभाग ने योजना के प्रथम चरण में अगस्त 2026 से जिला एवं विकासखण्ड के शासकीय कार्यालयों में अग्रिम भुगतान के बाद ही बिजली उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। विभाग के निर्णय के अनुसार शासकीय विभागों में 1 अगस्त से अग्रिम भुगतान के बाद ही बिजली उपलब्ध कराई जाएगी। विभाग ने इसके लिए सभी शासकीय कार्यालयों में स्मार्ट मीटर लगाया है। ग्रामीण क्षेत्र के शासकीय कार्यालयों में भी स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

### शासकीय विभागों पर 25 करोड़ बकाया

सरगुजा के शासकीय विभागों पर बिजली बिल का 25 करोड़ राजस्व बकाया है। जिला मुख्यालय में संचालित शासकीय कार्यालयों ने बिजली बिल का 10 करोड़ रूपए जबकि ग्रामीण क्षेत्र के कार्यालयों ने 15 करोड़ का बकाया राजस्व रोक रखा है। विभाग ने अगस्त से बकाएदार विभागों से समान किस्तों में बकाया राशि वसूलने एवं 1 अगस्त से अग्रिम भुगतान के बाद बिजली उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है।

### शंका होने पर लैब में होगी जांच

विद्युत अधिकारियों के अनुसार अधिक बिजली बिल आने की शंका होने पर उपभोक्ता बिलासपुर स्थित लैब में अपने मीटर की जांच करा सकेंगे। इस तरह की अफवाह के निराकरण के लिए विभाग भी कुछ घरों में स्मार्ट मीटर के साथ चेक मीटर लगा रहा है ताकि उपभोक्ता स्वयं अपनी विद्युत खपत की समीक्षा कर सके। कोई भी उपभोक्ता विभाग से संपर्क कर अपने घर में चेक मीटर लगवा सकता है। कुछ दिनों पूर्व सरगुजा के 50 से अधिक उपभोक्ताओं ने लैब में अपने मीटर की जांच कराई थी जिसमें कोई अंतर नहीं मिला है। विभाग के मोर बिजली एप के माध्यम से उपभोक्ता अपने घर की प्रति घंटे एवं एक दिन की विद्युत खपत की जानकारी ले सकता है तथा विद्युत के व्यर्थ उपयोग को बंद कर खपत में कमी ला सकता है।

### हर महीने होगी खपत की समीक्षा

विद्युत विभाग अब नियमित ट्रांसफार्मर एवं ट्रांसफार्मर से जुड़े उपभोक्ताओं की समीक्षा करेगा। इसके लिए विभाग ट्रांसफार्मरों पर स्मार्ट मीटर लगा रहा है। सरगुजा में 5500 विद्युत ट्रांसफार्मर है जिसमें 2500 में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। बरसात के कारण ट्रांसफार्मरों पर स्मार्ट मीटर लगाने की रफ्तार धीमी पड़ गई है। स्मार्ट मीटर लगने के बाद विभाग विद्युत चोरी एवं लाइन लॉस का पता आसानी से लगा सकेगा। नियमानुसार 8 फीसदी से अधिक लाइन लॉस नहीं होना चाहिए लेकिन वर्तमान में 16 फीसदी लाइन लॉस हो रहा है। गर्मी के मौसम में लाइन लॉस काफी बढ़ जाता है।

### व्यवस्था 1 अगस्त से

शासकीय कार्यालयों में अग्रिम भुगतान के बाद बिजली उपलब्ध कराने की व्यवस्था लागू की जाएगी। इसके लिए सभी कार्यालयों में स्मार्ट मीटर लगाए गए है। उपभोक्ता अधिक बिल आने की शंका होने पर लैब में मीटर की जांच करा सकेंगे।

-रोशन नागवंशी
ईई, ग्रामीण विद्युत संभाग

## शासकीय राशि के गबन के प्रकरण में दो पूर्व सरपंचों के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी

**अम्बिकापुर।** निर्माण के लिए राशि आहरित करने के बाद भी निर्माण कार्य नहीं कराने के मामले में प्रशासन ने सख्ती बरती है। एसडीएम अंबिकापुर ने ग्राम पंचायतों में निर्माण कार्यों के लिए प्राप्त शासकीय राशि के दुरुपयोग एवं शासकीय राशि जमा नहीं करने के प्रकरण में दो पूर्व सरपंचों के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है। न्यायालय के आदेशानुसार संबंधित थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाए। जारी आदेश के अनुसार ग्राम पंचायत लब्जी के तत्कालीन सरपंच जोगेन्द्र लाल भगत द्वारा विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए प्राप्त 8 लाख 29 हजार रूपए की राशि का अनाधिकृत रूप से आहरण कर लिया गया, जबकि निर्माण कार्य नहीं कराया गया। न्यायालय के अनुसार उक्त राशि को स्वयं रखकर शासकीय राशि का दुरुपयोग एवं गबन किया गया। प्रकरण विचाराधीन होने तथा कई अवसर दिए जाने के बावजूद संबंधित द्वारा बकाया राशि जमा नहीं की गई। इस पर न्यायालय ने गिरफ्तारी वारंट जारी करते हुए संबंधित को गिरफ्तार कर 24 जुलाई को न्यायालय में प्रस्तुत करने तथा न्यायालय के अगले आदेश तक अभिरक्षा में रखने के निर्देश दिए हैं। इसी प्रकार ग्राम पंचायत थोर के तत्कालीन सरपंच परमोहन सिंह के विरुद्ध भी निर्माण कार्यों के लिए प्राप्त 90 हजार 296 रूपए की राशि के दुरुपयोग एवं गबन के मामले में न्यायालय ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। आदेश में उल्लेख किया गया है कि संबंधित द्वारा शासकीय राशि का समायोजन अथवा वापसी नहीं की गई, जिसके कारण प्रकरण न्यायालय में लंबित है। न्यायालय ने संबंधित को गिरफ्तार कर 24 जुलाई को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने तथा आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए हैं। न्यायालय ने दोनों मामलों में स्पष्ट किया है कि शासकीय राशि के दुरुपयोग एवं गबन से जुड़े प्रकरणों में विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है तथा संबंधित थाना प्रभारियों को गिरफ्तारी वारंट का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### बच्चों को डायरिया से सुरक्षित रखने 31 तक

**बलरामपुर।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा जिले में 1 जुलाई से 31 अगस्त तक स्टॉप डायरिया अभियान-2026 संचालित किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य पाँच वर्ष से कम आयु के बच्चों को डायरिया से सुरक्षित रखना, समय पर उपचार उपलब्ध कराना तथा स्वच्छता एवं सुरक्षित पेयजल के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना है। स्वच्छ जल, समुचित उपचार, डायरिया से बचें हर बार के उद्देश्य के साथ अभियान के अंतर्गत डायरिया की रोकथाम, बचाव एवं उपचार के लिए सुरक्षा, रोकथाम और ईलाज की रणनीति पर कार्य किया जा रहा है।

## सामान्य सभा में विधायक रामकुमार ने लापरवाह अधिकारियों को लगाई फटकार




हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- गुणवत्ता और पारदर्शिता पर दिया जोर

जिला सामान्य सभा की बैठक में सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो ने विभिन्न विभागों के कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन की योजनाओं का लाभ पारदर्शिता, गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनियमितता स्वीकार नहीं की जाएगी।

बैठक में विधायक श्री टोप्पो ने महिला एवं बाल विकास विभाग में भर्ती प्रक्रिया को लेकर एकरूपता बनाए रखने पर विशेष बल दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी एवं निर्धारित मानदंडों के अनुरूप संचालित हो, ताकि सभी पात्र अभ्यर्थियों को समान अवसर मिल सके। खाद्य विभाग की समीक्षा के दौरान विधायक श्री टोप्पो ने अधिकारियों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत खाद्यान्न की गुणवत्ता में सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राशन की गुणवत्ता से संबंधित शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई की जाए तथा दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित हो, ताकि हितग्राहियों को गुणवत्तापूर्ण खाद्यान्न उपलब्ध हो सके। उन्होंने मत्स्य विभाग से जिले में विगत वर्षों एवं वर्तमान में मछली पालन के लिए जारी किए गए टेंडरों की विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हुए पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए। विधायक श्री टोप्पो ने सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत वितरित साइकिलों की गुणवत्ता एवं कसावट को लेकर प्राप्त शिकायतों पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण सामग्री उपलब्ध कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। विधायक श्री टोप्पो ने सड़क निर्माण में गुणवत्ता से समझौता करने पर संबंधित अधिकारियों एवं एजेंसियों को कड़ी फटकार लगाते हुए निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी स्वयं विभागीय अधिकारी एवं इंजीनियर करें। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता संबंधी शिकायतें दोबारा मिलने पर संबंधित ठेकेदारों को नोटिस जारी कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए ब्लैकलिस्ट करने की प्रक्रिया अपनाई जाए। इसके अतिरिक्त जल संसाधन विभाग द्वारा डुबान प्रभावित परिवारों के लंबित मुआवजा प्रकरणों पर भी विधायक ने जवाब तलब किया। उन्होंने लंबित मामलों के निराकरण की समय-सीमा तय कर प्रभावित परिवारों को शीघ्र न्याय दिलाने के निर्देश दिए।

### पश्चिम बंगाल विस चुनाव में भाजपा की जीत पर विधायक रामकुमार टोप्पो की सराहना

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की उल्लेखनीय सफलता के उपरांत प्रदेश नेतृत्व ने संगठन के विभिन्न राज्यों से जुड़े उन कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया है, उन्होंने चुनाव के दौरान संगठन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी पश्चिम बंगाल के प्रदेश अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य एवं मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी द्वारा सीतापुर के विधायक एवं पूर्व सैनिक रामकुमार टोप्पो को एक प्रशंसा-पत्र भेजकर उनके समर्पित योगदान और अथक परिश्रम के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की गई हैं। पत्र में उल्लेख किया गया है कि रामकुमार टोप्पो ने पश्चिम बंगाल के ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में लंबे समय तक प्रवास कर भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने, संगठन को मजबूत बनाने तथा कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कठिन परिस्थितियों एवं भीषण गर्मी के बावजूद उन्होंने निरंतर जनसंपर्क कर पार्टी के पक्ष में सकारात्मक वातावरण तैयार करने का कार्य किया। प्रदेश नेतृत्व ने अपने संदेश में कहा है कि चुनावी अभियान के दौरान श्री टोप्पो के प्रयास केवल संगठनात्मक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि पार्टी की जीत की मजबूत नींव सिद्ध हुए हैं। उनके समर्पण, अनुशासन और कार्यशैली की विशेष प्रशंसा करते हुए भविष्य में भी संगठन को इसी प्रकार सशक्त बनाने की अपेक्षा व्यक्त की गई है।



## कांग्रेसियों ने धरना-प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ शंकरगढ़

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विजय पैकरा के नेतृत्व में बस स्टैंड में शिक्षा व्यवस्था में कथित अनियमितताओं, छात्रों के भविष्य से जुड़े मुद्दों तथा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एवं सांसद प्रियंका गांधी के साथ कथित दुर्व्यवहार के विरोध में धरना-प्रदर्शन किया। साथ ही राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच, छात्रों के हितों की रक्षा तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री से नैतिक आधार पर इस्तीफे की मांग की गई। साथ ही विपक्षी नेताओं एवं शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों के विरुद्ध दर्ज मामलों को वापस लेने की भी मांग की गई। इस दौरान विवेक सिंह देव, सीमू अग्रवाल, सत्यनारायण अग्रवाल, उम्मत रसूल, गोलक सरदार, राजू तिर्की, रामशरण यादव, आकाश अग्रवाल, अज्जू गुप्ता, रामसुंदर सिंह, लेदू लकड़ा, छोटेलाल सिंह, हृदयानंद यादव, सरवर आलम,ओसपाल यादव, रीकेश यादव, वंदना मिंज, मरियम तिर्की, विद्या बेक, मानती, सुनील पैकरा, लक्ष्मण, लवप्रकाश गुप्ता, लहरू राम, ईलन, राजकुमार यादव,मिथलेश ,लरंगसाय, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कांग्रेसियों ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

**सीतापुर।** दिल्ली के जंतर मंतर पर नीट परीक्षा में कथित अनियमितता एवं पेपर लीक समेत शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर छात्रों द्वारा किए जा रहे धरना प्रदर्शन पर दिल्ली पुलिस की बर्बरता पूर्ण कार्रवाई के विरुद्ध कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान पूर्व विधायक अमरजीत भगत के निवास से कांग्रेसियों ने ब्लॉक अध्यक्ष तिलक बेहरा के नेतृत्व में रैली निकाली जो मुख्य मार्ग से होते हुए तहसील कार्यालय पहुंची और राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष तिलक बेहरा ने बताया कि जंतर मंतर एवं प्रधानमंत्री आवास के बाहर दिल्ली पुलिस द्वारा की गई दमनकारी नीति का कांग्रेस पुरजोर विरोध करती है। जिस प्रकार प्रधानमंत्री आवास के बाहर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सांसद प्रियंका गांधी मल्लिकार्जुन खड़गे एवं अन्य नेताओं के साथ दिल्ली पुलिस ने अमानवीय व्यवहार किया वो निंदनीय है। साथ ही ब्लॉक अध्यक्ष ने शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग समेत संसद में नीट परीक्षा की अनियमितताओं पर चर्चा एवं प्रदर्शकारी छात्रों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने की मांग की है। इस दौरान सुनील मिश्रा, बदरुद्दीन इराकी, बिगन राम, अरुण गुप्ता, नरेश फौजी, विकास गुप्ता, अजित बघेल, संतोष गुप्ता, विजय गुप्ता, टुंपाराम, नागेश्वर प्रसाद, सुखदेव भगत, अर्जुन चौहान, दिलेश तिग्गा, विशाल तिर्की, मनोज टोप्पो, मुकेश तिर्की एवं अन्य उपस्थित थे।



### फीस कम नहीं हुई तो आंदोलनः अभाविप

**अम्बिकापुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय में हाल ही में की गई फीस वृद्धि को वापस लेने एवं उसे कम करने की मांग को लेकर कुलसचिव महोदय को ज्ञापन सौंपा।विश्वविद्यालय द्वारा 27 मई 2026 को जारी अधिसूचना के अनुसार विभिन्न पाठ्यक्रमों एवं मदों की फीस में वृद्धि की गई है। छात्र कल्याण शुल्क, माइग्रेशन फीस सहित विश्वविद्यालय की अनेक फीस में बिना किसी स्पष्ट औचित्य के अत्यधिक बढ़ोतरी की गई है। परिषद का कहना है कि सरगुजा संभाग के अधिकांश विद्यार्थी आर्थिक रूप से साधारण परिवारों से आते हैं, ऐसे में फीस में की गई यह वृद्धि उनके लिए उच्च शिक्षा प्राप्त करना कठिन बना सकती है। अभाविप सरगुजा के विभाग संयोजक पलाश पाण्डेय ने कहा कि विश्वविद्यालय में समय-समय पर कई समस्याएं सामने आती रही हैं, किन्तु फीस में की गई अनावश्यक एवं अत्यधिक वृद्धि गंभीर विषय है। फीस को दोगुना एवं तीन गुना तक बढ़ा देना हजारों विद्यार्थियों पर आर्थिक बोझ डालने जैसा है। यदि विश्वविद्यालय प्रशासन ने अपनी मनमानी बंद नहीं की और फीस वृद्धि पर पुनर्विचार नहीं किया, तो विद्यार्थी परिषद विद्यार्थियों के हित में उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। सरगुजा जिला संयोजक सत्येंद्र मिश्रा ने कहा कि विश्वविद्यालय अपनी वित्तीय आवश्यकताओं की पूर्ति विद्यार्थियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालकर नहीं कर सकता। इस विषय पर राज्य सरकार को गंभीरता से विश्वविद्यालय में मद उपलब्ध करते हुए विद्यार्थियों के हित में आवश्यक विचार करना चाहिए।



हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

## महाविद्यालय की 10 एकड़ भूमि पर अतिक्रमण का खतरा जनभागीदारी समिति ने जिपं सीईओ को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ शंकरगढ़



अरुण प्रताप सिंहदेव शासकीय महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति ने महाविद्यालय की भूमि की सुरक्षा को लेकर कलेक्टर के नाम जिपं सीईओ को ज्ञापन सौंपा। जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष अमिन साय, सदस्य अमिताभ सिंहदेव तथा जनपद उपाध्यक्ष प्रियंवदा सिंहदेव ने जिला सीईओ को आवेदन देकर महाविद्यालय परिसर की शीघ्र घेराव कराए जाने की मांग की।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी को सौंपे ज्ञापन में समिति ने बताया कि शासकीय महाविद्यालय शंकरगढ़ की लगभग 10 एकड़ भूमि आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग के नाम दर्ज है। भूमि का सीमांकन कर बोर्ड लगाने एवं ट्रेंच मार्किंग का कार्य पूर्व में किया जा चुका है, लेकिन अब तक तारबंदी नहीं होने के कारण भूमि पूरी तरह सुरक्षित नहीं है। ऐसे में खुले परिसर का फायदा उठाकर भू-माफिया भूमि पर अतिक्रमण करने की कोशिश कर रहे हैं, वहीं असामाजिक तत्वों का भी परिसर में लगातार आना-जाना बना रहता है जिससे महाविद्यालय का शैक्षणिक वातावरण प्रभावित हो रहा है तथा छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बढ़ रही है। समिति ने यह भी बताया कि महाविद्यालय परिसर में किए गए पौधारोपण को मवेशियों द्वारा नुकसान पहुंचाया जा रहा है। यदि समय रहते भूमि की सुरक्षा के लिए तारबंदी नहीं कराई गई तो भविष्य में महाविद्यालय की शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे की आशंका और बढ़ सकती है। जनभागीदारी समिति ने जिला प्रशासन से मांग की है कि महाविद्यालय परिसर की शीघ्र तारबंदी कर भूमि को सुरक्षित किया जाए, ताकि अतिक्रमण पर रोक लग सके, छात्र-छात्राओं को सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण मिल सके तथा महाविद्यालय के भविष्य के विकास कार्यों में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। प्रवास पर गए जिपं सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने संबंधित अधिकारियों के माध्यम से मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया।

